<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 जून 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- देश भर में उत्सव की तरह मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस, प्रधानमंत्री ने जम्मू कश्मीर में किया योग दिवस समारोह का नेतृत्व ।
- प्रदेश में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत केंद्र और प्रदेश सरकार के मंत्रिगण ने अलग अलग जिलों में किया योग ।
- सरकारी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए देश भर में लागू किया गया लोक परीक्षा अधिनियम ।
- प्रदेश में मौसम का मिलाजुला असर, कहीं बारिश तो कहीं गर्मी का प्रकोप कायम ।

**********

कल दसवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। देश में मुख्य समारोह जम्मू–कश्मीर के श्रीनगर में शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। कार्यक्रम में जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा भी शामिल हुए। इस वर्ष योग दिवस की थीम थी– "स्वयं और समाज के लिए योग"। सामान्य योग प्रोटोकॉल सत्र में हिस्सा लेने के बाद प्रधानमंत्री ने सभा के दौरान कहा कि दुनिया भर में योग करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि योग केवल एक विधा नहीं, बल्कि विज्ञान भी है और यह समाज में सकारात्मक बदलाव के नए रास्ते बना रहा है।

***बीते दस वर्षों में योग का ये जो विस्तार हुआ है। उससे योग से जुड़ी धारणाएं बदली है। योग अब सीमित दायरे से बाहर निकल रहा है। आज दुनिया एक नई योग इकोनॉमी को आगे बढ़ने में देख रही है। आप देखिए भारत में विश्व के काशी से लेकर केरल तक योग नियम का नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है।***

योग दिवस के मौके पर पूरे उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मथुरा के स्ट्राइक कोर वन में भारतीय सेना के जवानों के साथ योग कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उन्होंने सैन्य अधिकारियों और जवानों के साथ योगाभ्यास किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी सेना के जवान भी एक योगी की तरह हैं जो हर स्थिति का सामना शारीरिक और मानसिक दृढता से करते हैं।

प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल सुबह राजभवन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस संपूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन और प्रयासों का परिणाम है कि आज पूरी दुनिया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस से जुड़कर भारत की संस्कृति और परंपरा को गौरवान्वित कर रही है।

प्रदेश के विभिन्न जिलों में केंद्र सरकार के मंत्रियों, राज्य सरकार के मंत्रीगण, जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों ने भी योग दिवस समारोह में हिस्सा लिया । योग दिवस पर आजमगढ़ में केन्द्रीय संचार व्यूरों, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय की तरफ से सर्वदेव आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में संगोश्ठी और प्रष्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**********

अयोध्या और प्रयागराज में उत्तर प्रदेश सरकार विशिष्ट अतिथि गृहों का निर्माण कराने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में एक बैठक कर दोनों अतिथि गृहों के निर्माण स्थल, ले–आउट, सुविधाओं और साज–सज्जा से संबंधित जानकारी ली। राज्य संपत्ति विभाग के अधिकारियों के साथ हुई इस बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रीरामजन्म भूमि मंदिर स्थापना के बाद अयोध्या में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल, सहित देश–दुनिया से अनेक विशिष्ट–अतिविशिष्ट अतिथियों का आवागमन हो रहा है। इनके ठहरने के लिए सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए उत्कृष्ट मानकों वाले गेस्ट हाउस की आवश्यकता है। वहीं प्रयागराज में भी ऐसा ही अतिथि गृह बनाने की जरूरत पर बल देते हुए मुख्यमंत्री ने प्रक्रिया को जल्दी ही शुरु करने के निर्देश दिए हैं।

**********

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री ए के शर्मा ने कहा है कि पूरे प्रदेश में मांग के अनुरूप विद्युत की आपूर्ति की जा रही है। इस साल पूरे प्रदेश में बिजली की मांग दस प्रतिशत बढ़ी है। ऊर्जा मंत्री ने कल वाराणसी में विद्युत विभाग के अधिकारियों के साथ संमीक्षा बैठक की। बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि विद्युत विभाग का प्रयास अनवरत विद्युत आपूर्ति का है और इसमें किसी भी तरह की समस्या का निवारण तत्परता के साथ किया जा रहा है।

**********

प्रदेश के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कल मऊ जिले में सतरंगी सौंदर्य प्रसाधन केंद्र और शक्ति रसोई का शुभारंभ किया । सतरंगी सौंदर्य प्रसाधन केंद्र का संचालन ट्रांसजेंडर द्वारा किया जा रहा है, जबकि शक्ति रसोई राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत निष्ठा

स्वयं सहायता समूह द्वारा चलाई जाएगी। इस मौके पर मुख्य सचिव ने ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए मऊ जिला प्रशासन द्वारा किये जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की।

**********

केंद्र सरकार ने लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम) अधिनियम दो हजार चौबीस को लागू कर दिया है। इस संबंध में कल अधिसूचना जारी कर दी गयी। सरकारी परीक्षाओं में गड़बड़ी रोकने के लिए बने इस कानून में दस साल की कैद से लेकर एक करोड़ रुपये जुर्माने तक का प्रावधान है। इसे इसी वर्ष फरवरी माह में देश की संसद ने पारित किया था।

**********

भारतीय नागरिक संहित दो हजार तेईस में विचाराधीन कैदियों को न्याय दिलाने से संबंधित प्रावधान किये गये हैं। नये आपराधिक कानूनों में जेलों में भीड़ कम करने को लेकर कदम उठाये गये हैं। इसके तहत पहली बार के अपराधी निर्धारित अधिकतम सजा की एक तिहाई सजा काटने के बाद जमानत पर रिहा किये जा सकते हैं। इससे पहली बार के अपराधियों का पुनर्वास किया जा सकेगा और अनावश्यक हिरासत अवधि भी कम होगी। अपराधी की जमानत के लिये आवेदन करने की जिम्मेदारी अब उस जेल अधीक्षक की है, जहां आरोपी बंद है। योग्य कैदियों के लिये कानूनी अधिकारी सुनिश्चित करना, न्याय प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव का प्रतीक है। इस नये कानून से समय पर न्याय सुनिश्चित करने और जेलों में कैदियों की संख्या कम करने में मदद मिलेगी। यह प्रावधान छोटे अपराधों के आरोपियों या दोशी लोगों को समाज की मुख्य धारा में लाने और दोबारा अपराध करने की संभावना को कम करेगा।

**********

आकाशवाणी समाचार को भारत में सबसे भरोसेमंद समाचार ब्रांड में से एक माना गया है। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी के रॉयटर्स इंस्टीट्यूट फॉर द स्टडी ऑफ जर्नलिज्म, के हाल ही में कराए गए एक सर्वेक्षण में, देश के मीडिया जगत में आकाशवाणी समाचार की श्रेष्ठता की पुष्टि की गई है। डिजिटल न्यूज रिपोर्ट 2024 के हिस्से के रूप में जारी, इस वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार आकाशवाणी समाचार विश्वसनीयता के पैमाने पर देश के अन्य प्रमुख मीडिया संस्थानों की तुलना में काफी आगे है। प्रसार भारती के अध्यक्ष नवनीत कुमार सहगल ने इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कहा कि यह सभी परिस्थितियों में सच्ची और प्रमाणित खबरें प्रसारित करने की आकाशवाणी समाचार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**********

प्रदेश के विभिन्न जिलों में मौसम का मिलाजुला मिजाज देखने को मिल रहा है। कौशाम्बी समेत कुछ अन्य जिलों में बीती रात मध्यम वर्षा होने से लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली। मौसम विभाग ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में आज वर्षा की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार पश्चिमी जिलों में अभी भी लू की संभावना बनी हुई है। इस बीच, प्रदेश के राहत आयुक्त कार्यालय ने एक रिपोर्ट जारी कर बताया है कि अब तक हीट वेव से 51 लोगों की मौत हो चुकी है। कार्यालय के अनुसार हीट वेव से बीमार लोगों का अस्पतालों में इलाज भी चल रहा है।

**********

प्रदेश के सभी जिलों में जुलाई माह में विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत एक जुलाई से इकतीस जुलाई के बीच स्वास्थ्य, पंचायती राज और आईसीडीएस समेत कई विभाग आपसी समन्वय से संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जनजागरूकता फैलाएंगे। बीमारियों की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई भी की जाएगी। इस संबंध में उन्नाव जिले में कल वहां के जिलाधिकारी ने बैठक कर तैयारियों की समीक्षा की। अभियान के दौरान आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर घर जाकर बुखार के रोगियों को भी खोजेंगी। साथ ही लोगों से विवरण लेकर मौके पर भी उनकी आभा आईडी भी बनायी जाएगी।

**********